ओजोन दिवस पर ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

कक्षा 11 के छात्र अंकित ने पाया प्रथम स्थान

संवाददाता राधारमण गुप्ता

अलीगढ़। कोरोना महामारी के चलते इस बार ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में उ.प्र नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय अलीगढ़ में तैनात पर्यावरण प्रेमी क्षेत्रीय अधिकारी रामगोपाल ने कोरोना के नियमों सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन रखा था। जिसमें अलीगढ़, हाथरस बुलंदशहर के कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया । व्हाट्सएप न.9415030422, 7839891949 पर और ईमेल आईडी . roaligarh@uppcb.com पर 80 चित्रकारी प्राप्त हुई है । विभागीय अधिकारियों द्वारा आई हुई चित्रकारीयों में से प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वाना विजेता चुने गए।
चयनित प्रतिभागियों को आज उनके मोबाइल नम्बर पर कार्यालय आने की सूचना दी गई । जहां विजेता प्रतिभागीयों से स्वयं के द्वारा की चित्रकारी में दिए गए संदेश के बारे में पूछा गया । तत्पश्चात गोपीराम पालीवाल इण्टर कॉलेज अलीगढ़ के कक्षा 11 के छात्र अंकित को प्रथम , कक्षा 12 की छात्र प्रिया शर्मा को द्वितीय , डीपीएस स्कूल की कक्षा 7की छात्रा दिविशा सिंह तृतीय स्थान, सांत्वाना दीपक कुमार, अंश, को प्रतीक चिन्ह देकर पुरुस्कृत किया गया । पर्यावरण प्रेमी क्षेत्रीय अधिकारी रामगोपाल ने उपस्थित विजेता प्रतिभागियों से अपने उद्बोधन मे कहा धरती पर जीवन को पनपने के लिए काफ़ी संघर्ष करना पड़ा है। इतिहास और भूगोल के अध्ययन से यह साफ़ है कि धरती पर जीवन की उत्पत्ति के लिए काफ़ी लंबा समय तय करना पड़ा है। लेकिन जो चीज़ इंसान को कड़ी मेहनत और प्रकृति से फल स्वरूप मिली है उसे आज खुद इंसान ही मिटाने पर लगा हुआ है। लगातार प्रकृति के कार्यों में हस्तक्षेप कर इंसान ने खुद को प्रकृति के सामने ला खड़ा किया है जहां प्रकृति उसका विनाश कर सकती है। जंगलों, वनों की कटाई कर असंतुलन पैदा किया जा रहा है। गाड़ियों ने हवा को प्रदूषित कर कर दिया है तो वहीं उस जल को भी इंसान ने नहीं बख्शा जिसकी वजह से धरती पर जीवन संचालित होता है। प्रौद्योगिकी के इस युग में इंसान हर उस चीज़ का हरण कर रहा है जो उसकी प्रगति की राह में रोड़ा बन रही है। इसी तरह इंसान ने अपने आराम और सहूलियत के लिए उस ओज़ोन परत को भी नष्ट करने की ठान ली है जो उसे सूर्य से निकलने वाली खतरनाक पराबैंगनी किरणों से बचाती है। दिनों-दिन बढ़ रही औद्योगिक गतिविधियों के कारण आज हमारे जीवन को बचाने वाली ओज़ोन परत को खतरा पैदा हो गया है। इसलिए जनमानस से अपील की अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाएं और उनकी भली प्रकार से देखभाल करें। आयोजित कार्यक्रम में अवर अभियंता उपेन्द्र प्रसाद, ज्येष्ठ मानचित्रकार शशिकांत, अनुश्रवण सहायक जितेंद्र कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=1184052478646776&id=100011261046620

चित्रकला स्पर्धा में दिविशा ने बाजी मारी

संवाद सूत्र, बुलंदशहर: ओजोन दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय अलीगढ़ में ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन रखा था। स्पर्धा में बुलंदशहर डीपीएस स्कूल की कक्षा सात की छात्रा दिविशा सिंह ने द्वितीय स्थान पाया।

- Shreesha Singh of class IX A participated in Poetry Composition in French language and begged 1st prize .This ANNUAL INTER SCHOOL EVENT was hosted online by DPS Dwarka.